## बिरसानगर किफायती आवास परियोजना के लिए आवेदन की प्रक्रिया हुई शुरू

# कुल 9592 आवासों का होना है निर्माण, 3705 आवेदक कर चुके हैं आवेदन

**बिरसानगर.** 31 यूनिटों में 9592 आवासों का होना है निर्माण

# पीएम आवास की 18 यूनिटों में कामकाज तेज, आज से आवेदन

**वरीय संवाददाता, जमशेदपुर**

**बिरसानगर** में प्रधानमंत्री आवास योजना की 18 यूनिट में कामकाज तेज हो गया है. कुल 31 यूनिट में 9592 आवासों का निर्माण होना है. (जुडको) झारखंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंपनी लिमिटेड की ओर से प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) बिरसानगर किफायती आवास परियोजना का निर्माण कराया जा रहा है. जुडको के पदाधिकारी धनंजय कुमार, जेएनएसी के एसओ कृष्ण कुमार निर्माण कार्य पर नजर रखे हुए है. 48 एकड़ जमीन में जी प्लस 8 संरचना में आवासों का निर्माण होना है. प्रति फ्लैट में एक लिविंग रूम, एक बेड रूम, एक रसोई घर, एक शौचालय, एक बाथरूम व एक बालकनी का निर्माण होना है. प्रति फ्लैट का कारपेट एरिया 313 वर्ग फीट है. **आज से जमा होगा आवेदन फॉर्म.** आवास लेने वाले इच्छुक आवेदक दो नवंबर तक आवेदन जमा कर सकते है.



**योग्य लाभुक कर सकते है आवेदन**

जेएनएसी के विशेष पदाधिकारी कृष्ण कुमार ने बताया कि योग्य लाभुक आवास योजना के लिए आवेदन जेएनएसी कार्यालय में कर सकते है . 3705 लोगों ने अब तक पांच हजार रुपये जमा कर आवेदन किया है . वैसे परिवार जो 17 जून 2015 के पूर्व से जेएनएसी क्षेत्र में निवास करते है . परिवार की सालाना आमदनी अधिकतम 3 लाख रुपये है . आवेदक या उसके परिवार के नाम से भारत में कहीं पक्का मकान नहीं हो . वैसे लाभुक बिरसानगर पीएम आवास के लिए आवेदन जेएनएसी में कर सकते है . परियोजना में प्रति फ्लैट 6 . 81 लाख लागत आयेगी . इसमें केंद्र सरकार का अंशदान 1 . 15 लाख और राज्य